# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन आर पी एफ - ०१/२०२४ - CEN RPF - 01/2024

| | |
|---|---|
| Community | SC |
| Test Center Name | MARWAR INSTITUE |
| Test Date | 03/12/2024 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | Recruitment of Sub Inspector Executive in Railway Protection Force and Railway Protection Special Force |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Arithmetic**

**Q.1** एक स्कूल में खेलों में भाग लेने वाली लड़कियों एवं लड़कों की संख्या का अनुपात 1 : 5 है। यदि लड़कियों की संख्या 249 है, तो खेलों में भाग लेने वाले लड़कों की संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 1220
2. 1245
3. 1265
4. 1275

**Q.2** किसी निश्चित धनराशि पर दूसरे वर्ष के लिए अर्जित ब्याज ₹6787 है और ब्याज दर 10% वार्षिक है, जो वार्षिक रूप से चक्रवृद्धित होती है। धनराशि ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. ₹60805
2. ₹62530
3. ₹61700
4. ₹62005

**Q.3** अनमोल अपनी यात्रा 16 घंटे में पूरी करता है। वह आधी दूरी 30 km/h की चाल से और शेष दूरी 50 km/h की चाल से तय करता है। संपूर्ण यात्रा की कुल दूरी (Km में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 599
2. 604
3. 600
4. 607

**Q.4** सुधा का व्यय उसकी बचत से 200% अधिक है। यदि उसके व्यय में 4% की कमी होती है और बचत में 28% की वृद्धि होती है, तो उसकी आय में कितने प्रतिशत की वृद्धि होती है?

**Ans**
1. 0.07
2. 0.08
3. 0.09
4. 0.04

| | | |
|---|---|---|
| Q.5 | यदि 24 x 9 x 720 ÷ = y + 925 है, तो y का मान ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | 1. 2307<br>2. 2316<br>3. 2315<br>4. 2310 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.6 | आठ संख्याओं का औसत 20 है। इनमें से पांच संख्याओं का औसत 14 है। शेष तीन संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | 1. 29<br>2. 31<br>3. 30<br>4. 32 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.7 | एक बैंक अर्द्ध-वार्षिक आधार पर गणना करके, 8.1% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज प्रदान करता है। एक ग्राहक किसी वर्ष की 1 जनवरी को ₹8445 और 1 जुलाई को ₹8445 जमा करता है। वर्ष के अंत में, उसे ब्याज के रूप में मिलने वाली राशि ________ है। [उत्तर दशमलव के 2 स्थानों तक दीजिए।] | |
| Ans | 1. ₹1057.26<br>2. ₹1039.91<br>3. ₹1048.4<br>4. ₹1069.91 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.8 | एक दुकानदार, किसी पंखे पर उसके क्रय मूल्य से 20% अधिक मूल्य अंकित करता है और उस पर 15% की छूट देता है। यदि वह ₹190 का लाभ अर्जित करता है, तो पंखे का अंकित मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | 1. 11243<br>2. 11400<br>3. 11549<br>4. 11528 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.9 | यदि 'a' सबसे छोटा धनात्मक पूर्णांक है और संख्या 8764a529, 9 से पूर्णतः विभाज्य है, तो 17 (3a+5) का मान ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | 1. 116<br>2. 289<br>3. 126<br>4. 236 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.10 | समान लंबाई की दो ट्रेन समांतर पटरियों पर एक ही दिशा में 112 km/h और 20 km/h की चाल से चल रही हैं। तेज़ चलने वाली ट्रेन, धीमी चलने वाली ट्रेन को 45 सेकंड में पार करती है। प्रत्येक ट्रेन की लंबाई ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | 1. 563 मीटर<br>2. 572 मीटर<br>3. 575 मीटर<br>4. 576 मीटर | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.11 | फर्नीचर की तीन वस्तुओं का औसत मूल्य ₹ 15855 है। यदि उनके मूल्यों का अनुपात 3:5:7 है, तो सबसे महंगी वस्तु का मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | 1. 22197<br>2. 3171<br>3. 5285<br>4. 7399 | |

| | | |
|---|---|---|
| Q.12 | एक शंकु की ऊँचाई 12.6 cm है और उसके आधार की त्रिज्या 3.2 cm है। इसे पिघलाकर एक गोले की आकृति में ढाला जाता है। गोले की त्रिज्या (दशमलव के एक स्थान तक) ज्ञात कीजिए। | |
| Ans | 1. 3.2 cm<br>2. 2.9 cm<br>3. 1.2 cm<br>4. 2.1 cm | |

Q.13 नंदिनी और नंदिता एक व्यवसाय में 23:3 के अनुपात में निवेश करती हैं। यदि कुल लाभ ₹2522 है, तो नंदिनी और नंदिता को प्राप्त लाभों (₹ में) में कितना अंतर है?

Ans
1. 1790
2. 1940
3. 1890
4. 1840

Q.14 दो लंबवृत्तीय शंकुओं की ऊँचाई 1 : 9 के अनुपात में है और इनके आधार के परिमाप 9 : 5 अनुपात में है। इनके आयतन का अनुपात ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए।)

Ans
1. 25 : 9
2. 25 : 7
3. 9 : 25
4. 7 : 25

Q.15 निम्नलिखित का मान क्या है?

$$\frac{1}{7} + \frac{5}{7} + \frac{2}{14} + \frac{4}{7} - 2 =$$

Ans
1. $-\frac{8}{14}$
2. $-\frac{3}{14}$
3. $-\frac{6}{14}$
4. $-\frac{5}{14}$

Q.16 एक दुकानदार एक वस्तु का मूल्य ₹x अंकित करता है और उस पर 15% की छूट प्रदान करता है। वह छूट वाले मूल्य पर 25% वैट लगाने के बाद उसे ₹408 में बेचता है। ₹x का मान कितना है?

Ans
1. ₹300
2. ₹384
3. ₹200
4. ₹600

Q.17 एक मूलधन, जब प्रति वर्ष 20% साधारण ब्याज पर निवेश किया जाता है, तो 3 वर्षों के बाद उसका मिश्रधन ₹2880 हो जाता है। 2 वर्ष में समान दर पर समान मूलधन पर साधारण ब्याज (₹ में) कितना है?

Ans
1. 360
2. 720
3. 1440
4. 2880

Q.18 P, Q और R का औसत वजन 45 kg है तथा Q और R का औसत वजन 20 kg है। P का वजन ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 95 kg
2. 94 kg
3. 90 kg
4. 92 kg

Q.19 निम्नलिखित में से कौन सा भिन्न सबसे बड़ा है?

$$\frac{4}{7}, \frac{4}{45}, \frac{65}{87}, \frac{12}{38}$$

Ans

1. $\frac{4}{7}$
2. $\frac{4}{45}$
3. $\frac{12}{38}$
4. $\frac{65}{87}$


Q.20 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\left[(23 \times 7) \times \left\{6 \div 6 \times \frac{(17 - 13)}{4}\right\}\right]$$

Ans

1. 175
2. 143
3. 158
4. 161

Q.21 निम्नलिखित पाई चार्ट में एक पुस्तक के प्रकाशन पर किए गए व्यय का प्रतिशत वितरण दर्शाया गया है।




Pie-chart shows the percentage distribution of the expenditure incurred in publishing a book = पाई चार्ट एक पुस्तक के प्रकाशन पर किए गए व्यय का प्रतिशत वितरण दर्शाते हुए पाई चार्ट

Printing cost = मुद्रण लागत, Promotion cost = प्रचार लागत, Binding = जिल्दबंदी, Paper cost = कागज की लागत, Transportation cost = परिवहन लागत, Royalty = रॉयल्टी

यदि, कुछ पुस्तकों के लिए प्रकाशक कागज की लागत के रूप में ₹20,400 का भुगतान करता है, तो इन पुस्तकों के लिए मुद्रण लागत और रॉयल्टी (₹ में) के बीच क्या अंतर है?

Ans
1. 13600
2. 10200
3. 12400
4. 11600

Q.22 41 संख्याओं का औसत 16 है। पहली 17 संख्याओं का औसत 27 है तथा अंतिम 25 संख्याओं का औसत 26 है। यदि प्रारंभ से 17वीं संख्या हटा दी जाए, तो शेष संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 3.43
2. 5.5
3. 9.085
4. 5.075

Q.23 एक ठोस अर्धगोले का संपूर्ण पृष्ठीय क्षेत्रफल 152 $cm^2$ है। इसकी त्रिज्या (cm में) ज्ञात कीजिए। ( लीजिए)

Ans

1. $\sqrt{\frac{532}{33}}$

2. $\sqrt{\frac{535}{33}}$

3. $\sqrt{\frac{541}{66}}$

4. $\sqrt{\frac{541}{33}}$

Q.24 सेल के दौरान, राघव ने ₹60 अंकित मूल्य की एक नोटबुक को 25% छूट पर और ₹80 अंकित मूल्य की एक पेन को 25% की छूट पर खरीदा। सेल के कारण उसने कितनी बचत (₹ में) की?

Ans

1. 36
2. 33
3. 38
4. 35

Q.25 एक संख्या को 50% बढ़ाने पर, 3630 प्राप्त होता है। यह संख्या __________ है।

Ans

1. 4840
2. 1210
3. 2420
4. 7260

Q.26 वह सबसे छोटी प्राकृतिक संख्या ज्ञात करें जो 16, 88, 12 और 22 से विभाज्य है।

Ans

1. 567
2. 501
3. 476
4. 528

Q.27 यदि एक रेलगाड़ी 36 km/h की चाल से चल रही, 549 m लंबी रेलगाड़ी को 421 m लंबी सुरंग पार करने में कितना समय (सेकंड में) लगेगा?

Ans

1. 101
2. 97
3. 90
4. 89

Q.28 वह एक अंक की सबसे छोटी संख्या बताइए, जिसे 6 अंकों की संख्या 318833 में जोड़ने पर संख्या 11 से पूर्णतः विभाज्य हो जाए।

Ans

1. 2
2. 7
3. 3
4. 5

**Q.29** यदि एक संख्या 934a6281 है जो 3 से पूर्णतः विभाज्य है तथा a सबसे छोटा धनात्मक पूर्णांक है, तो (a−2)(a−1)a (a+1)(a+2)(a+3)(a+4) का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**

1. 4050
2. 5004
3. 5400
4. 5040

**Q.30** यदि $y^3$ - 1 का व्युत्क्रमानुपाती x है तथा y = 3 रखने पर x का मान 6 होता है, तो y = 7 रखने पर x का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**

1. $\frac{26}{57}$
2. $\frac{28}{57}$
3. $\frac{26}{58}$
4. $\frac{27}{58}$

**Q.31** निम्नलिखित को साधारण भिन्न में व्यक्त करें।

$0.\overline{23} + 0.\overline{54} + 0.\overline{3}$

**Ans**

1. $\frac{11}{9}$
2. $\frac{10}{9}$
3. $\frac{10}{99}$
4. $\frac{11}{99}$

**Q.32** 41 संख्याओं का औसत 33 है। पहली 17 संख्याओं का औसत 41 है तथा अंतिम 25 संख्याओं का औसत 27 है। यदि प्रारंभ से 17वीं संख्या हटा दी जाए, तो शेष संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

**Ans**

1. 34.53
2. 33.35
3. 32.215
4. 30.1

**Q.33** ₹1410 प्रति सैकड़े की दर से 400 संतरे खरीदे गए और ₹960 के लाभ पर बेचे गए। प्रति दर्जन संतरों का विक्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात करें।

**Ans**

1. 208
2. 188
3. 198
4. 213

**Q.34** यदि 26 x 5 x 882 ÷ $\sqrt{2401}$ = y + 695 है, तो y का मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**

1. 1652
2. 1655
3. 1651
4. 1645

**Q.35** यदि 1952 m लंबी एक रेलगाड़ी किसी खंभे को 122 सेकंड में पार करती है, तो रेलगाड़ी द्वारा 160 m लंबे प्लेटफार्म को पार करने में लिया गया समय (सेकंड में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 137
2. 135
3. 132
4. 128

Section : **General Intelligence and Reasoning**

**Q.36** A, B, C, D, E, F और G एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। G के दाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। G और E के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। D और B के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। B, G के ठीक बाईं ओर बगल में बैठा है। A, F के ठीक दाईं ओर बगल में बैठा है। D और F के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans**
1. 4
2. 2
3. 1
4. 3

**Q.37** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन अक्षर-समूह एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans**
1. WUV
2. XVW
3. EDD
4. TRS

**Q.38** यदि संख्या 6159247 के प्रत्येक सम अंक में 2 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक विषम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नयी संख्या में बायीं ओर से प्रथम दो अंकों का योग कितना होगा?

**Ans**
1. 12
2. 14
3. 16
4. 8

**Q.39** विदित, बिंदु A से गाड़ी चलाना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 7 km गाड़ी चलाता है। वह फिर बाईं ओर मुड़ता है, 5 km गाड़ी चलाता है, बाईं ओर मुड़ता है और 9 km गाड़ी चलाता है। वह फिर बाईं ओर मुड़ता है और 8 km गाड़ी चलाता है। वह अंत में बाईं ओर मुड़ता है, 2 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुकता है। फिर से बिंदु A पर पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में गाड़ी चलाना होगा? (जब तक निर्दिष्ट न हो जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

**Ans**
1. 4 km पूर्व में
2. 3 km पूर्व में
3. 3 km पश्चिम में
4. 4 km पश्चिम में

**Q.40** यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?
$52 + 2 \times 3 \div 6 - 42 + 11 \times 3 \div 3 = ?$

**Ans**
1. 102
2. 118
3. 79
4. 98

**Q.41** निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न एवं संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न एवं संबंध के समान हो जाए?

**# : KMR :: BDI : %**

**Ans**

1. # = EFK; % = IKP
2. # = DFK; % = IKO
3. # = DFK; % = IKP
4. # = DFK; % = IMP

**Q.42** एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए, 16, 62 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 12, 46 से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 21 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?
(नोट: संख्याओं को उसके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 को लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 व 3 में तोड़ना और फिर 1 व 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans**

1. 86
2. 80
3. 82
4. 84

**Q.43** सात डिब्बों Q, R, S, T, U, V और F को एक के ऊपर एक रखा गया है, लेकिन जरूरी नहीं कि ये डिब्बे इसी क्रम में रखे गए हों। डिब्बों S और U के बीच केवल पांच डिब्बों को रखा गया है। केवल डिब्बा S को डिब्बा V के ऊपर रखा गया है। डिब्बों Q और T के बीच केवल दो डिब्बों को रखा गया है। डिब्बा R को डिब्बा F के ठीक ऊपर रखा गया है। डिब्बा T को डिब्बा R के ठीक ऊपर नहीं रखा गया है। डिब्बों R और T के बीच कितने डिब्बों को रखा गया है?

**Ans**


1. एक
2. दो
3. चार
4. तीन

**Q.44** COARSE शब्द के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और फिर इस प्रकार बने सभी अक्षरों को वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में निम्नलिखित में से कौन सा अक्षर दाएँ से तीसरा होगा?

**Ans**

1. P
2. D
3. S
4. F


**Q.45** नीचे दर्शाए गए अनुसार, दर्पण को MN पर रखे जाने पर आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।




**Ans**


1. 
2. 
3. 
4. 


**Q.46** नीचे दी गई 3 आकृतियाँ एक निश्चित तरीके से समान हैं क्योंकि वे कुछ विशेषता/विशेषताएँ साझा करती है/हैं। उस विकल्प का चयन कीजिए जो दी गई आकृतियों के समान विशेषताएँ साझा करता हो।




**Ans**

1. 

2. 

3. 

4. 

**Q.47** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार विकल्पों में से तीन विकल्प एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा विकल्प, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

**Ans**

1. CXH
2. LGQ
3. PKV
4. XSC

**Q.48**

DEF बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 7 km तक ड्राइव करता है। फिर वह दायीं ओर मुड़ता है, 19 km तक ड्राइव करता है, दाएं मुड़ता है और 23 km तक ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 27 km तक ड्राइव करता है। वह अंत में दाहिनी ओर मुड़ता है, 16 km तक ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर दोबारा पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° मोड़ हैं।)

**Ans**

1. 9 km उत्तर की ओर
2. 5 km पूर्व की ओर
3. 3 km दक्षिण की ओर
4. 8 km पश्चिम की ओर

**Q.49** **A, B, C, D और E नाम के पाँच व्यक्तियों में से प्रत्येक की एक निश्चित आयु है। C की आयु, D की आयु की तीन गुनी है। A की आयु 3 है। D की आयु, E की आयु की आधी है। B की आयु, A की आयु की दोगुनी है। यदि E की आयु, B की आयु की चार गुनी है, तो C की आयु कितनी है?**

**Ans**

1. 36
2. 40
3. 34
4. 38

**Q.50**

**A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का नंबर 1 है, उसके ठीक ऊपर वाले तल का नंबर 2 है और इसी तरह सबसे ऊपर वाले तल का नंबर 6 है। B, अभाज्य नंबर वाले तल पर रहता है। B और E जिन तलों पर रहते हैं उनके नंबरों का गुणनफल 3 है। D के ऊपर के तलों पर केवल 2 व्यक्ति रहते हैं। F, C के ठीक नीचे वाले तल पर रहता है। A और F के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?**

**Ans**

1. 2
2. 1
3. 3
4. 4

**Q.51** **अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, CGJB एक निश्चित तरीके से EILD से संबंधित है। FJME उसी तरीके से HLOG से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, IMPH निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?**

**Ans**

1. KORJ
2. OKJR
3. OKRJ
4. KOJR

**Q.52** **निम्नलिखित संख्या, प्रतीक श्रृंखला को देखें और उसके बाद आने वाले प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।**

**(बाएं) 2 & % 4 6 Ω 7 $ £ 8 & @ 3 # 1 5 * 9 (दाएं)**

**ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में एक और संख्या है?**

**Ans**

1. कोई नहीं
2. दो से ज़्यादा
3. दो
4. एक

**Q.53** **एक निश्चित कूट भाषा में,**
**A + B का अर्थ है कि, 'A, B का पुत्र है',**
**A – B का अर्थ है कि, 'A, B का भाई है',**
**A × B का अर्थ है कि, 'A, B की पत्नी है',**
**और A % B का अर्थ है कि, 'A, B का पिता है'।**

**यदि 'S % D – F × G + H' है, तो S का H से क्या संबंध है?**

**Ans**

1. पत्नी का भाई
2. पुत्र की पत्नी का पिता
3. पुत्र की पत्नी का भाई
4. पत्नी का पिता

**Q.54** **G, H का पिता है। H, J की माता है। J, K का भाई है। K, L का पुत्र है। G का L से क्या संबंध है?**

**Ans**

1. पति का पिता
2. पत्नी का पिता
3. पति की माता
4. पत्नी का भाई


Q.55 निम्नलिखित त्रिक में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन करें जो समान तर्क का अनुसरण करता है।

DIET - IDET - TEID
WASH - AWSH - HSAW


Ans


1. FUME - UFME - EMUF
2. TONG - OTNG - ONGT
3. SANG - ASNG - GANS
4. HUTS - HTUS - STUH


Q.56 विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए जिसे प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।





Ans

1. 

2. 

3. 

4. 

Q.57 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन अक्षर-समूह एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans

1. EKN
2. GJO
3. CFK
4. ADI

**Q.58** निम्नलिखित अक्षर, प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (गिनती केवल बाएँ से दाएँ ही की जानी चाहिए।)

(बाएँ) 7 % 4 £ 5 $ & 3 Ω + 2 6 @ 8 9 # 1 * ^ (दाएँ)

शृंखला में ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनके ठीक पहले एक अन्य प्रतीक और ठीक बाद में एक संख्या है?

Ans
1. 3
2. 0
3. 2
4. 1

**Q.59** सात व्यक्ति, M, N, O, P, Q, R और T, एक गोल मेज के परितः मेज के केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। T के दाईं ओर से गणना करने पर T और N के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। R के दाईं ओर से गणना करने पर R और P के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। M, P के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। M, T के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। Q, R का निकटतम पड़ोसी नहीं है। O के ठीक बाईं ओर पड़ोस में कौन बैठा है?

Ans
1. N
2. R
3. P
4. Q

**Q.60** एक निश्चित कूट भाषा में, 'CONE' को '1649' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'NECK' को '2169' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'K' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 1
2. 2
3. 6
4. 9

**Q.61** नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी तरह, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रिया करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है और इसी तरह आगे की संख्याएँ प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से किसमें, संक्रियाओं का वही सेट है, जैसा नीचे दिए गए समुच्चयों में है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रिया जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना 13 पर किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रिया करना अनुमत नहीं है।)

36 - 18 - 20.4 - 22.8
48 - 24 - 26.4 - 28.8

Ans
1. 42 - 14 - 16.4 - 18.8
2. 48 - 24 - 28.4 - 30.8
3. 72 - 36 - 36.4 - 38.8
4. 54 - 27 - 29.4 - 31.8

**Q.62** दिए गए विकल्पों में से उस पद का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आएगा।

TUM 21 RVP 15 ? NXV 3 LYY -3

Ans
1. PWS 9
2. QSP 8
3. ORP 9
4. PSR 8

**Q.63** LASTING शब्द में प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णानुक्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णानुक्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने अक्षर-समूह में कितने स्वर हैं?

Ans
1. 1
2. 3
3. 2
4. 0

**Q.64** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। कथनों में दी गई जानकारी को सत्य मानते हुए, भले ही यह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

**कथन:**
**सभी वेफर, बिस्किट हैं।**
**सभी बिस्किट, कुकीज हैं।**
**सभी कुकीज, पेस्ट्री हैं।**

**निष्कर्ष:**
**(I) सभी बिस्किट, वेफर हैं।**
**(II) सभी पेस्ट्री, कुकीज हैं।**

**Ans**

1. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।
2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
3. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
4. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

**Q.65** यदि संख्या 2836574 में प्रत्येक विषम अंक में 2 जोड़ा जाए और प्रत्येक सम अंक में से 1 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनी नई संख्या में बाएँ से तीसरे और दाएँ से तीसरे अंक का योग कितना होगा?

**Ans**

1. 12
2. 10
3. 9
4. 7

**Q.66** शृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सी संख्याएँ उसी क्रम में आनी चाहिए?
**125 127 131 137 145 ? 167 ?**

**Ans**

1. 159, 189
2. 156, 185
3. 152, 182
4. 155, 181

**Q.67** P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले सप्ताह के अलग-अलग दिन खेलने जाते हैं। S मंगलवार को खेलने जाता है। S और P के बीच केवल दो व्यक्ति खेलने जाते हैं। V और U के बीच केवल दो व्यक्ति खेलने जाते हैं। Q, V के ठीक बाद वाले दिन खेलने जाता है। R और V के बीच केवल एक व्यक्ति खेलने जाता है। Q, P के बाद किसी एक दिन खेलने जाता है।
कौन सोमवार को खेलने जाता है?

**Ans**

1. T
2. V
3. U
4. R

**Q.68** एक निश्चित कूट भाषा में, 'CHAT' को '1583' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'ACTS' को '5718' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'S' के लिए कूट क्या होगा?

**Ans**

1. 1
2. 5
3. 8
4. 7

**Q.69** निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आएगा?

**ENS 103 HKV 95 KHY 87 NEB 79 QBE 71 ?**

**Ans**

1. UZG 61
2. UYK 63
3. SXF 61
4. TYH 63

Q.70 एक निश्चित कूट भाषा में, 'FAIR' को '8547' के रूप में और 'RAFT' को '5486' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'T' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. 5
2. 6
3. 8
4. 4

Section : **General Awareness**

Q.71 निम्नलिखित में से किसने 1873 में 'सत्य शोधक समाज' की स्थापना की?

Ans
1. राजा राममोहन रॉय
2. ईश्वर चंद्र विद्यासागर
3. राधाकांत देब
4. ज्योतिराव गोविंदराव फुले

Q.72 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प 'एक वस्तु की उपयोगिता' है?

Ans
1. यह किसी वस्तु की आवश्यकता को संतुष्ट करने की क्षमता है।
2. यह किसी वस्तु की आवश्यकता को असंतुष्ट करने की इच्छा है।
3. यह किसी वस्तु की आवश्यकता को असंतुष्ट करने की क्षमता है।
4. यह किसी वस्तु की आवश्यकता को संतुष्ट करने की इच्छा है।

Q.73 भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने नवंबर 2023 में किस देश के खिलाफ अपना 49वां शतक लगाकर सचिन तेंदुलकर के सबसे ज्यादा वनडे शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी की?

Ans
1. दक्षिण अफ्रीका
2. ऑस्ट्रेलिया
3. पाकिस्तान
4. इंग्लैंड

Q.74 विकृत पिंड की प्रत्यास्थ स्थितिज ऊर्जा (elastic potential energy) ________________ होती है।

Ans
1. प्रतिबल/विकृति
2. ½ × प्रतिबल × विकृति × आयतन
3. प्रतिबल × विकृति / आयतन
4. प्रतिबल × विकृति

Q.75 इइची कुरोसावा (Eiichi Kurosawa) द्वारा जिबरेलिक अम्ल (Gibberellic acid) की खोज किस वर्ष की गई थी, जो बीज अंकुरण और कोशिका प्रचुरोद्भवन (cell proliferation) को उद्दीपित करने के लिए जाना जाता है?

Ans
1. 1926
2. 1950
3. 1910
4. 1975

Q.76 निम्नलिखित में से कौन-सा, अंतर्राष्ट्रीय मात्रक प्रणाली (SI) में ऊर्जा का मानक मात्रक है?

Ans
1. न्यूटन (N)
2. पास्कल (Pa)
3. जूल (J)
4. वाट (W)

Q.77 भारत में 'विक्टोरिया मेमोरियल' का निर्माण कब किया गया था?

Ans
1. 1806
2. 1857
3. 1906
4. 1900

Q.78 मार्च 2024 में इस्तीफा देने वाले मनोहर लाल खट्टर, भारत के किस राज्य के मुख्यमंत्री थे?

Ans
1. हरियाणा
2. गोवा
3. छत्तीसगढ़
4. झारखंड

Q.79 भारत में प्रौद्योगिकी उन्नति (advancement of technology) ने रोजगार प्रवाह को किस प्रकार प्रभावित किया है?

Ans
1. प्रौद्योगिकीय ने सभी क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों को समान रूप से कम किया है
2. प्रौद्योगिकीय उन्नति से केवल मैनुअल और निम्न कौशल वाली नौकरियां ही प्रभावित हुई हैं
3. इसने विशेष रूप से आईटी और सेवा क्षेत्रों में नए रोजगार के अवसर उत्पन्न किए हैं, साथ ही पारंपरिक नौकरियों को भी विस्थापित किया है
4. प्रौद्योगिकीय उन्नति का रोजगार प्रवाह पर कोई महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पड़ा है

Q.80 निम्नलिखित में से कौन-सी नदी, समुद्र में न गिरकर, खारी झीलों या रेत में गिरने के लिए जानी जाती है?

Ans
1. कृष्णा
2. महानदी
3. चंबल
4. लूनी

Q.81 भारतीय वायुसेना और सेना ने संयुक्त रूप से निम्नलिखित में से किस थिएटर कमांड में वायु-प्रहार अभ्यास (Vayu-Prahar Exercise) आयोजित किया था?

Ans
1. पूर्वी थिएटर
2. उत्तरी थिएटर
3. दक्षिणी थिएटर
4. पश्चिमी थिएटर

Q.82 भारत में कर्नाटक संगीत के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?
1. गीतम सबसे सरल प्रकार की रचना है।
2. ख्याल कर्नाटक शास्त्रीय संगीत का हिस्सा हैं।
3. पद तेलुगु और तमिल भाषाओं में विद्वानों की रचनाएं हैं।

Ans
1. 1 और 2 दोनों
2. 1 और 3 दोनों
3. 2 और 3 दोनों
4. केवल 2

Q.83 दिल्ली सल्तनत काल के दौरान राजधानी को लाहौर से दिल्ली कौन लाया था?

Ans
1. नसीरुद्दीन कुबाचा
2. चंगेज ख़ान
3. कुतुबुद्दीन ऐबक
4. इल्तुतमिश

Q.84 'वुमेन फ्रीडम फाइटर्स ऑफ इंडिया (Women Freedom Fighters of India)' पुस्तक किसने लिखी है?

Ans
1. संजय यादव
2. ईबी हैवेल
3. अरविंद अडिगा
4. शशि थरूर

**Q.85** निम्नलिखित में से किस वर्ष प्रथम गोलमेज सम्मेलन आयोजित किया गया था?

**Ans**
1. 1928
2. 1930
3. 1932
4. 1933

**Q.86** निम्नलिखित में से कौन-सा स्थल भली-भांति ताम्रपाषाणीय स्थल के रूप में जाना जाता है?

**Ans**
1. बुर्जहोम (Burzahom)
2. उत्नुरु (Utnur)
3. मेहरगढ़ (Mehrgarh)
4. कायथा (Kayatha)

**Q.87** ________________ समतावादी समाज के लिए राष्ट्र/राज्य को निर्देश और मार्गदर्शन देते हैं तथा नीतियों के निर्माण और कानून बनाने में सरकार को मॉड्यूल प्रदान करते हैं।

**Ans**
1. प्रवर्तन निदेशालय
2. न्यायपालिका
3. नौकरशाही
4. निदेशक सिद्धांत

**Q.88** भारत की जनगणना 2011 में, निम्नलिखित में से किस राज्य की जनसंख्या 10 करोड़ से अधिक दर्ज हुई थी?

**Ans**
1. मध्य प्रदेश
2. राजस्थान
3. तमिलनाडु
4. बिहार

**Q.89** उस वैज्ञानिक का नाम बताइए जिसने 1960 के दशक में जीवित कोशिकाओं में आनुवंशिक कोड को समझने की प्रक्रिया विकसित की थी?

**Ans**
1. विल्हेम जोहानसन (Wilhelm Johannsen)
2. आर्चीबाल्ड गैरोड (Archibald Garrod)
3. मार्शल निरेनबर्ग (Marshall Nirenberg)
4. एरिक वॉन शेर्मार्क (Erich von Tschermak)

**Q.90** 2024 में भारत-सऊदी अरब संयुक्त सैन्य अभ्यास 'सदा तनसीक' (SADA TANSEEQ) के उद्घाटन संस्करण का आयोजन कहां हुआ था?

**Ans**
1. सूरतगढ़, राजस्थान
2. महाजन, राजस्थान
3. जयपुर, राजस्थान
4. जैसलमेर, राजस्थान

**Q.91** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा उपलब्ध कराए गए आधारभूत सड़क आंकड़ों (2017-18) के अनुसार, भारत में किस राज्य की कुल सतही सड़क की लंबाई सर्वाधिक है?

**Ans**
1. उत्तर प्रदेश
2. महाराष्ट्र
3. मध्य प्रदेश
4. राजस्थान

**Q.92** भारत में संघीय कार्यकारिणी का प्रमुख कौन होता है?

**Ans**
1. सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश
2. राष्ट्रपति
3. प्रधानमंत्री
4. राज्यपाल

**Q.93** QUEQIAO-2 सिग्नल रिले उपग्रह को किस देश द्वारा 2024 में लॉन्च किया गया था, जो भावी लूनर प्रोब मिशनों (lunar probe missions) के लिए संचार सेतु के रूप में कार्य करेगा?

**Ans**

1. उत्तर कोरिया
2. जापान
3. चीन
4. दक्षिण कोरिया

**Q.94** मई 2024 में श्रीहरिकोटा से लॉन्च किए गए सिंगल पीस 3D प्रिंटेड इंजन वाले भारत के प्रथम रॉकेट का नाम क्या था?

**Ans**

1. धारा
2. पुष्पक
3. धनुष
4. अग्निबाण

**Q.95** भारत में, मौलिक अधिकारों की सुरक्षा और प्रवर्तन के लिए निम्नलिखित में से कौन ज़िम्मेदार है?

**Ans**

1. भारत का सर्वोच्च न्यायालय
2. भारत निर्वाचन आयोग
3. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC)
4. संघ लोक सेवा आयोग (UPSC)

**Q.96** कुलोत्तुंगा प्रथम (Kulottunga I) निम्नलिखित में से किस राजवंश का राजा था?

**Ans**

1. पाण्ड्य
2. चोल
3. राष्ट्रकुट
4. गुर्जर-प्रतिहार

**Q.97** जलवायु परिवर्तन पर दुनिया का एकमात्र बहुपक्षीय निर्णय लेने वाला मंच, जिसमें दुनिया के लगभग सभी देशों की सदस्यता है, संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन, सीओपी 28 (COP28), 30 नवंबर से 12 दिसंबर 2023 तक किस स्थान पर आयोजित किया गया?

**Ans**

1. दुबई
2. ग्लासगो
3. बाकू
4. नई दिल्ली

**Q.98** निम्नलिखित में से कौन, कलकत्ता (अब कोलकाता) में स्थापित बेथ्यून स्कूल के प्रथम सचिव थे?

**Ans**

1. ईश्वर चंद्र विद्यासागर
2. देवेन्द्रनाथ टैगोर
3. बाल गंगाधर तिलक
4. राजा राम मोहन राय

**Q.99** ___________, पैमाने और आकार के परिवर्तन की एक मात्रात्मक प्रक्रिया है, जिसे नैतिकता और मानदंडों द्वारा मापा और सहायता प्रदान की जा सकती है।

**Ans**

1. विकास
2. विमोचन
3. प्रगति
4. संवृद्धि

**Q.100** किस संशोधन ने शिक्षा के अधिकार को मौलिक अधिकार बना दिया?

**Ans**

1. 86वां संशोधन
2. 75वां संशोधन
3. 90वां संशोधन
4. 92वां संशोधन

**Q.101** मेघना की मुख्य धारा, बराक नदी निम्नलिखित में से किस राज्य से निकलती है?

**Ans**

1. अरुणाचल प्रदेश
2. पश्चिम बंगाल
3. असम
4. मणिपुर

**Q.102** शीत घाव (Cold sores) किस वायरस के संक्रमण के कारण होने वाले दर्दनाक छाले होते हैं?

**Ans**

1. HSV-1
2. HPV
3. H7N9
4. WNV

**Q.103** अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता वाले 'कुपोषण मुक्त झारखंड' कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य क्या है?

**Ans**

1. महिला मानकों को बेहतर बनाना
2. राजनीति में बच्चों की भागीदारी बढ़ाना
3. बच्चों के कल्याण के लिए उनकी शिक्षा को बेहतर बनाना
4. पोषण मानकों और बाल कल्याण को बेहतर बनाना

**Q.104** निम्नलिखित में से किसे 8वीं अरुणाचल प्रदेश विधान सभा के उपाध्यक्ष के रूप में निर्विरोध चुना गया?

**Ans**

1. तपिर गाओ (Tapir Gao)
2. ओमाक नितिक (Omak Nitik)
3. सोताई क्रि (Sotai Kri)
4. कार्डो न्यिग्योर (Kardo Nyigyor)

**Q.105** 1991 में, अंतर्राष्ट्रीय समायोजन करने के लिए रुपए को ________ किया गया।

**Ans**

1. अधिमूल्यित (appreciated)
2. मुद्रित (printed)
3. स्थिरकृत (stabilised)
4. अवमूल्यित (devalued)

**Q.106** निम्नलिखित में से कौन-सा लोक संगीत का एक रूप है?

**Ans**

1. ध्रुपद
2. नवोरिया-गीत
3. भाँड़ पाथेर
4. सूफियाना कलाम

**Q.107** हाल ही में प्रकाशित भारत की राष्ट्रीय एमपीआई रिपोर्ट (India's National MPI Report) की गणना के लिए कितने संकेतकों का उपयोग किया गया था?

**Ans**

1. 12
2. 16
3. 10
4. 14

**Q.108** निम्नलिखित में से कौन-सा पर्वत दर्रा उत्तराखंड में स्थित नहीं है?

**Ans**

1. नाथू ला (Nathu La)
2. लिपुलेख (Lipu Lekh)
3. लावा धुरा (Lwa Dhura)
4. लंपिया धुरा (Lampiya Dhura)

**Q.109** भारतीय अर्थव्यवस्था में भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) निम्नलिखित में से कौन-सी भूमिका निभाता है?

**Ans**
1. सरकारी पेंशन निधि का प्रबंधन करना
2. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs) को वित्तपोषित करना और बढ़ावा देना
3. क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों का पर्यवेक्षण करना
4. विदेशी मुद्रा लेनदेन को विनियमित करना

**Q.110** विश्व बैंक में __________ शामिल हैं।

**Ans**
1. डब्ल्यूटीओ (WTO)
2. गैट (GATT)
3. बीआईआरडी (IBRD)
4. आईएमएफ (IMF)

**Q.111** एक लेंस की शक्ति (पॉवर) – 0.25 D है। इस लेंस की प्रकृति और फोकस दूरी क्या है?

**Ans**
1. फोकस दूरी –4 मीटर वाला अवतल लेंस
2. फोकस दूरी –2 मीटर वाला अवतल लेंस
3. फोकस दूरी 4 मीटर वाला उत्तल लेंस
4. फोकस दूरी –8 मीटर वाला उत्तल लेंस

**Q.112** सितंबर 2024 में, भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान, भोपाल के वैज्ञानिकों द्वारा अदरक की एक प्रजाति 'ग्लोबबैटिर्नेंसिस' ('Globbatyrnaensis') की खोज प्रथम बार निम्नलिखित में से किस राज्य से की गई थी?

**Ans**
1. उत्तराखंड
2. मध्य प्रदेश
3. मेघालय
4. केरल

**Q.113** रोहित शर्मा पुरुष T20 विश्व कप 2024 टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की तालिका में किस स्थान पर रहे?

**Ans**
1. दूसरे
2. तीसरे
3. पांचवें
4. पहले

**Q.114** बायोलॉजिकल साइंसेज श्रेणी में विज्ञान युवा 2024 पुरस्कार विजेता, प्रो. अरविंद पेनमत्सा, निम्नलिखित में से किस संस्थान में सहायक प्रोफेसर हैं?

**Ans**
1. आईआईएम धनबाद
2. आईआईएसईआर भोपाल
3. आईआईएससी बेंगलुरु
4. आईआईटी बॉम्बे

**Q.115** भारत में खरीफ़ का मौसम निम्नलिखित में से किस फसल की खेती से जुड़ा है?

**Ans**
1. जौ
2. चना
3. गेहूं
4. चावल

**Q.116** निम्नलिखित में से किस वर्ष नागरिकता अधिनियम 1955 में संशोधन द्वारा भारत की विदेशी नागरिकता योजना शुरू की गई थी?

**Ans**
1. 2009
2. 2004
3. 2005
4. 2001

**Q.117** **भारतीय जनगणना 2011 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस उत्तर-पूर्वी राज्य में अधिकतम साक्षरता दर दर्ज हुई थी?**

**Ans**

1. मणिपुर
2. मेघालय
3. असम
4. मिजोरम

**Q.118** **कौन-सी याचिका उन कार्यपालिका और निचली न्यायिक संस्थाओं के विरुद्ध उनके कर्तव्यों के निर्वहन हेतु जारी की जाती है, जिन्हें वे पूरा करने में असफल रहे हैं?**

**Ans**

1. निषेध (Prohibition)
2. परमादेश (Mandamus)
3. उत्प्रेषण (Certiorari)
4. अधिकार पृच्छा (Quo Warranto)

**Q.119** **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?**

**Ans**

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त पद धारण करते हैं।
2. अनुच्छेद 76 में प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद का प्रावधान है।
3. अनुच्छेद 77 के अनुसार, भारत सरकार के सभी कार्यपालक कार्य राष्ट्रपति के नाम पर निष्पादित किए जाएँगे।
4. अनुच्छेद 74 के अनुसार, राष्ट्रपति केवल मंत्रिपरिषद की सलाह पर कार्य करेगा।

**Q.120** **कथासरित्सागर' (Kathasaritasagara) ___________ में रचित कहानियों का एक संग्रह है।**

**Ans**

1. तमिल
2. संस्कृत
3. प्राकृत
4. तेलुगू

2024/12/04-18:12:16